अस्पताल की छत से बरसात का पानी टपकने लगा

वजीरपुर (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय में दूसरी मंजिल लाखों रुपए की कीमत से बनने वाले नवीन भवन निर्माण में धांधली के कारण घटिया सामग्री का उपयोग कर दूसरी मंजिल के नवीन भवन की छत डाल दी गई जिससे चिकित्सा कर्मचारियों व मरीजों को दुर्घटना की आशंका बन गई । पहरी मंजिल बरसात के कारण नवीन भवन की छत से पानी टपकने लगा जिससे नवीन भवन निर्माण में धांधली की आशंका बन गई सामग्री में दो रंग की बजरी लगाई जा रही है जिससे भवन निर्माण मजबूत नहीं हो रहा इधर चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी आरके मीणा ने इस संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यह भवन हमारी देख रेख में नहीं बनाया यह उच्च अधिकारी व कमेटी की देखरेख में बनाता है भवन तैयार होने के सुपुर्द कर दिया जाता है इस कारण हमको इसकी लागत भी पता नहीं है नवीन भवन की छत से पानी टपकने लगा है यह देखकर हमने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया । जिसमे ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए कहा ।

मुखर्जी ने अपने बलिदान से जम्मू कश्मीर को बचा लिया : सत्येन्द्र गोयल

भरतपुर (निसं) । भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल उपाध्याय शहर मंडल की ओर से जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल एवं जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी, जिला महामंत्री बृजेश अग्रवाल, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा एवं विधानसभा प्रभारी अभयवीर सोलंकी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने की।

भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के अध्यक्ष थे। वे सत्याग्रह करते हुए बिना अनुमति जम्मू कश्मीर में गये। इस पर शेख अब्दुल्ला ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया। 20 जून, 1953 को उनकी तबियत खराब होने पर उन्हे कुछ ऐसी दबाए दी गयी जिससे उनका स्वास्थ

भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल उपाध्याय शहर मंडल की ओर से जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया।

और बिगड गया। और 22 जून को उन्हे अस्पताल में भर्ती किया और रात्रि ढाई बजे रहस्यमयी परिस्थितियों में उनका देहांत हुआ। मुखर्जी ने अपने बलिदान से जम्मू कश्मीर को बचा लिया। मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नही चलेगा का नारा दिया। उन्होने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। कश्मीर को लेकर उन्होने आंदोलन किया और वे दिल्ली से कश्मीर गये व उन्हे जेलों में बंद कर दिया गया, कठोर यातना दी गई व रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। कठिन परिस्थितियों में जनसंघ की स्थापना की और आज जनसंघ से भाजपा की जो विकास यात्रा है , संस्थापक अध्यक्ष के रूप में अपना कार्य किया । आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर को लेकर सारी समस्याओं का समाधान किया है। मोदी ने धारा 370 को समाप्त किया।

श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई

टोडाभीम (नि. सं.)। कस्बे के गोपालपुरा रोड़ पर स्थित बालाजी ट्रेडर्स पर भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष गजानंद शर्मा के नेतृत्व में भजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई।

जिसमें भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा राजेंद्र शेखपुरा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक भारतीय संविधान के विभाजनकारी प्रावधानों का पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने एक निशान, एक विधान, एक प्रधान नारा दिया। टोडाभीम देहात भाजपा मंडल अध्यक्ष गजानंद शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद और चिंतक के साथ जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और समर्पित देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य माना था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है ।

सार-समाचार

धूम्रपान करने पर जुर्माना

करौली (निंसं.) । राजकीय कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के द्वारा धूम्रपान कर गंदगी फैलाई जा रही है जिसे रोकने के उद्देश्य एवं धूम्रपान से शारीरिक असाध्य रोगों के बारे में जनजागृति लाने के उद्देश्य से करौली उपजिला कलेक्टर अमित कुमार वर्मा के निर्देशन में तहसीलदार करौली महेन्द्र जैन द्वारा एक व्यक्तिकृष्णा पुत्र शिवचरण निवासी खोहरी तहसील करौली द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय मे गुटखा खाकर पीक थूकने पर 200 रू. का जुर्माना लगाकर रसीद काटी गई। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर 200 रू. प्रति व्यक्ति का जुर्माना तय है।

नालों की सफाई करवाने की मांग

गंगापुर सिटी । वार्ड नं. 28 के पार्षद जगदीश खटाना ने वार्ड की समस्याओं को लेकर नगरपरिषद आयुक्त को पत्र लिखकर वार्ड में नालो की तल झाल सफाई व सडक निर्माण कार्य करवाने की मांग की है। पार्षद खटाना ने पत्र में लिखा है कि वार्ड के सभी नाले भरे पडे हुए है ।

एडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । सैनी समाज 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर उदेई मोड फल सब्जी मंडी से रैली निकालकर मिनी सचिवालय पहुंचे और वहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष सीएन सैनी सहित सैनी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नाबार्ड महाप्रबंधक भरतपुर दौरे पर

भरतपुर (निसं) । नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक,बैज्जू एन कुरप, राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर आज भरतपुर के एक दिन के दौरे पर आएंगे। इस दौरान नाबार्ड द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा रारह पंचायत मे नाबार्ड द्वारा बनाए गए ग्रामीण हाट का उदघाटन करेंगे।

रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटवाया

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के अन्तिम फोलो अप कैम्प श्रीमहावीरजी में को आयोजित किया गया। जहा लेगों की ओर से की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए रास्ते से अतिक्रमण हटावाया । कैम्प के दौरान अनूप सिंह शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन के समक्ष कई वर्षों से लम्बित ग्राम गांवडी में रास्ते की भूमि पर किये गये अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत की गई । उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लिया जाकर मौके पर ही सम्बन्धित पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को पाबन्द कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। निर्देशों के अनुक्रम में पटवारी प्रमोद मीना एवं ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र ने ग्राम गांवडी पहुंचकर रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की । उक्त शिविर के दौरान अनूप सिंह उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन के निर्देश पर जाटव बस्ती, आजाद नगर गांवडी में आबादी व खातेदारी की भूमि के मध्य सार्वजनिक इन्टरलॉकिंग रास्ते पर लगे गेट को हटाने के लिए मय पुलिस जाप्ता पटवारी प्रमोद मीना एवं ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र द्वारा मौके पर पहुँचकर रास्ते की भूमि से गेट को हटाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाकर अतिक्रमियों को भविष्य में अतिक्रमण नही करने हेतु पाबन्द किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 7 खातों का शुद्धिकरण, 38 नामांतरण, पंचायती राज विभाग द्वारा 14 नए पट्टे, कृषि विभाग द्वारा 130 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। विद्युत विभाग को ढीले तार संबंधित समस्या से संबंधित समस्याएं प्राप्त हुए। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर गांव गांवड़ी में आम रास्ते पर मौके पर पटवारी प्रमोद मीणा एवं सचिव महेंद्र द्वारा त्वरित कार्यवाही कर रास्ते का अतिक्रमण हटाया गया ।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

रूपवास (नि.सं.)। कस्बे के कुशवाह मौहल्ला निवासी की ट्रैक्टर के चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कालीचरन पुत्र कमल सिंह कुशवाह उम्र 45 साल अपने खेतों की जुताई करने के लिए नेशनल हाइवे संख्या 123 भरतपुर - धौलपुर रोड़ के पास स्थित खेतों पर गया था। इस दौरान युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। जहां गम्भीर रूप से घायल युवक को भरतपुर ले गए। इसके बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में जयपुर के लिए रैफर कर दिया। इस दौरान जयपुर जाते समय रास्ते मे युवक कालीचरन की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

हॉकी, कबड्डी का प्रशिक्षण शिविर तीन तक

करौली (निंसं.) जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र माथुर स्टेडियम करौली द्वारा 'प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर' का आयोजन 3 जुलाई तक किया जाएगा।

जिला प्रभारी अधिकारी डॉ0 दिनेश चौधरी ने बताया कि इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 12 से 18 वर्ष तक के बालक एवं बालिका भाग लेंगे शिविर प्रात: 6से 8 एवं सांय 5 से 7 तक सुचारू रूप से संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के निर्देशानुसार प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, हैंडबॉल एवं हॉकी खेल का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में अल्पकालिक प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा विभिन्न खेल संघों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होने बताया की कबड्डी और हैंडबॉल का प्रशिक्षण शिविर' स्थल श्री त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम पर संचालित रहेगा एवं हॉकी का प्रशिक्षण शिविर स्थल राजीव गांधी खेल संकुल पर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के कार्यक्रम में भामाशाह भरोसी स्वर्णकार ने अध्यक्षता की और रामकुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर स्टेडियम विकास समिति के सदस्य के रूप में जितेंद्र सिंह,लड्डू गोपाल,खेल प्रेमी,कृष्ण कुमार सारस्वत,दौलत एवं रामदयाल मौजूद रहे। खेल संगठनों के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

फुटबॉल संघ के सचिव आसिफ खान, एथलेटिक संघ के सचिव नारायण सिंह गुर्जर और अल्पकालिक प्रशिक्षक राम हरि गुर्जर हैंडबॉल,कबड्डी प्रशिक्षक अब्दुल जब्बार,टेनिस बॉल प्रशिक्षक प्रशांत शर्मा एवं गेम्स बाय जुगल किशोर शर्मा आदि मौजूद रहे।

कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ के आव्हान पर कर्मचारियों ने को कार्यालय सहायक अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता, अधिक्षण अभियन्ता को अपनी मांगों को लेकर ऊर्जा सचिव के नाम ज्ञापन सौपा गया।

ज्ञापन में राजस्थान विष्णुत कर्मचारी संघ अवधविहारी जागिड ने बताया कि पुरानी पेन्शन, जीपीएफ लागू करने निजीकरण पर रोक लगाने अनुकंपा आधार पर नियुक्त कूर्मचारियों को लिपिक वनाने व तकनीकी कर्मचारियों का पद्नाम परिवर्तित करने को लेकर हस्ताक्षर आभियान और अन्य 27 सूत्री मांगो को लेकर विद्युत विभाग के सहायक अधिशाषी अभियंता को राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ के बैनर तले ज्ञापन डिपा गया। इस दौरान अमित मल्होत्रा प्रदेश महामंडी , हरगोविन्द्र शर्मा (संयुक्त महामंत्री विनोद शर्मा सगढ़न मंडी, रामगिलास,रज्जनसिंह, कैलाश, प्रवीण, तुलसी, मीनू, विनोद, चाडवेग आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

'किसान कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं'

करौली (निंसं.) । जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कृषि बजट 2022-23 की जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला मे संबोधन करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट 2022-23 मे जो कृषकों के लिये कृषि योजनाओं प्रारंभ की गई है उनका महत्व समझकर उनका लाभ उठाये और लोगो को इसके बारे मे जागरूक करें ताकि जिले के किसान सरकार की कृषि योजनाओं का पूरा पूरा लाभ उठा सके।

उन्होंने किसानों से कृषक मित्र योजना के बारे मे जागरूक होकर इसका लाभ उठाने का आवहान किया इसके लिये जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कृषकों को इसके बारे मे जानकारी दे कि किसानों का 1हजार रूपये प्रतिमाह तक का बिल माफ हो जाता है अगर किसान को लगता है कि उसका बिजली का बिल 500 रू का आया है और अगले महीने 1500 का आता है तो 500 रू का समायोजन अगले महीने मे हो जाता है इस तरह कृषक को 12000 प्रतिवर्ष तक का बिजली का बिल माफ कर दिया जाता है। उन्होने बताया कि जिले मे 10 हजार से अधिक किसानों का बिल माफ शून्य आया है और उन्होने पूरी तरह से जागरूक रहते हुए योजना का लाभ उठाया है। उपनिदेशक कृषि रामलाल जाट ने कृषि विभाग की बजट घोषणाओं के जिले मे लक्ष्य एवं क्रियान्वयन तथा खरीफ आदान व्यवस्था के बारे मे अवगत कराया। कृषि आयुक्तालय के संयुक्त निदेशक अर्जुन लाल चौधरी ने राज्य कृषि बजट की जानकारी भी दी। कार्यशाला मे पंचायत समिति हिण्डौन के प्रधान विनोद कुमार जाटव, उपनिदेशक कृषि आत्मा वी.डी शर्मा, बत्तीलाल मीना, विजेन्द्र सिंह, श्रीमति विमला देवी सहित कृषि विभाग से जुडे अधिकारी व कर्मचारियों के साथ साथ किसान भी उपस्थित थे।

घर मे घुसकर मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर (निसं) । अटलबंद थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड करने के मामले में एक व्यक्ति को पकडा है।

एसपी ष्याम सिंह ने बताया सत्यप्रकाश पुत्र जमुनाप्रसाद उम्र 56 साल जाति वैश्य निवासी सिन्धी धर्मशाला के पास नीमदा गेट थाना अटलबंद जिला भरतपुर ने थाना होकर एक लिखित तहरीर रिपोर्ट आरोपी प्रदीप कुमार षर्मा द्वारा घर में घुसकर सामान की तोडफोड करने व गाली गलौच कर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने के सम्बंध में पेष की थी जिसपर मामला नम्बर 52/22 धारा 323, 341, 427,452,504 आईपीसी में पंजीबद कर अनु.संधान प्रारम्भ किया गया था। जिसमें बाद अनुस धान उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार आज 23 जून को मुल0 प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र स्व0 जमुनाप्रसाद शर्मा जाति उम्र 55 साल निवासी सिंधी धर्मषाला के पास नीमदागेट भरतपुर थाना अटलबंद को राजेन्द्र शर्मा थानाधिकारी पुलिस थाना अटलबंद भरतपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

कन्हैया दंगल में रामनिवास ने दिया केनाल प्रोजेक्ट के प्रति एकजुटता का संदेश

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना गुरूवार को वामनवास तहसील के गांव शफीपुरा के देवबाबा मंदिर पर चल रहे कन्हैया दंगल में शामिल हुए और उपस्थित ग्रामीणों को ईआरसीपी (इर्स्टन राजस्थान केनाल परियोजना) के प्रति एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान 26 जून को वामनवास के मौरा सागर बांध पर आयोजित होने वाली किसान महापंचायत के लिए भी सभी को आमंत्रित किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कन्हैया दंगल के आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से भारतीय संस्कृति को बढावा मिलता है और आपसी सदभाव बना रहता है। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीणों को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना का केन्द्र सरकार ने दर्जा दे दिया तो वामनवास सहित उत्तरी-पूर्वी

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कन्हैया दंगल में हिस्सा लिया।

राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर आमजन को जागरूक और एकजुट करने के लिए 26 जून को सुबह 9 बजे मौरा सागर बांध पर किसान संघर्ष समिति की ओर से षष्ठम किसान महापंचायत आयोजित होगी। इस महापंचायत के लिए सभी को आमंत्रित किया गया। कन्हैया दंगल में प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना का ग्रामीण पटेलों ने माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत-सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान प्यारेलाल मीना, केदार मीना, बद्री पटेल आदि ने भी ग्रामीणों का संबोधित किया।

सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग पर एक जुलाई से रोक

टोडाभीम (नि. सं.)। कस्बे में पालिका प्रशासन द्वारा प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु एक आदेश जारी कर कस्बे के आम नागरिकों सहित व्यापारियों, व्यवसायिक संस्थानों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये गए है ।

पालिका अध्यक्ष अमृता सियाराम ने बताया कि कस्बे में एक जुलाई से प्लास्टिक के उपयोग पर कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है । पालिका प्रशासन ने आदेश जारी कर बताया कि भारत सरकार के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 प्रकाशित किए गए है। उक्त अधिसूचना में एक जुलाई से पोलजीस्टाईरीन वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग निषेध किया गया है।

किसान महापंचायत की तैयारियों का प्रदेशाध्यक्ष ने जायजा लिया

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के मुद्दे पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से 26 जून को सुबह 9 बजे वामनवास के मौरा सागर बांध पर आयोजित होने वाली षष्ठम किसान महापंचायत की तैयारियों का प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कई गांवों में जनसंपर्क करने के साथ तैयारियों में जुटे पंच-पटेलों से विस्तार से चर्चा की।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के मुद्दे पर संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के नेतृत्व में उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांवों में किसान महापंचायत आयोजित कर आमजन को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ एकजुट किया जा रहा है। हाल ही जयपुर के बस्सी में पांचवीं किसान महापंचायत के बाद अब षष्ठम किसान महापंचायत 26 जून को वामनवास के मौरा सागर बांध पर आयोजित होगी।

इस महापंचायत की तैयारियों का जायजा लेने के लिए किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना वामनवास के मौरा सागर बांध पहुंचे और महापंचायत स्थल देखने के साथ मौरा सागर बांध जल वितरण समिति के अध्यक्ष प्यारे लाल मीना, बद्री पटेल राजौली, रायसिंह मीना टोडाभीम, शेर सिंह मीना, पिन्टू मीना आदि से विस्तार के साथ महापंचायत की तैयारियों पर चर्चा की। इसके साथ मौरा सागर बांध के पास के गांवों के साथ वामनवास क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान किसानों को अधिकाधिक संख्या में महापंचायत में शामिल होने का संदेश दिया गया।

भरतपुर में नशीला पदार्थ ले जाते दो बदमाश गिरफ्तार

भरतपुर (निसं) । भरतपुर जिले की उद्योग नगर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए देर रात को हनुमान तिराहे के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ ले जाते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 9 किलो गांजा और एक गाड़ी को जब्त किया है। दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है ।

थाना अधिकारी महेंद्र सिंह राठी ने बताया कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि कुछ लोग गाडी में भर कर अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं। जिसको लेकर हनुमान तिराहे के पास नाकाबंदी कराई गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करना शुरु कर दिया। नाकाबंदी के दौरान गाड़ी को रुकवा कर चेक किया गया तो उसमें अवैध रूप से गांजा ले जाते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। इस प्रकार पुलिस की सजकता से मादक पदार्थ ले जाते हुए दो बदमाश धरे गये।

पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का 60 वां जन्मदिन सादगी से मनाया

भरतपुर (निसं) । पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का 60 वां जन्मदिन राजकीय वृद्धाश्रम परिसर में गिरिराज महाराज की वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर सादगी के साथ मनाया। इस दिन विभिन्न संस्थाओं ने उनके जन्मदिवस पर केक काटे । राजकीय वृद्धाश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व सांसद पं. रामकिशन रहे। अध्यक्षता बालकल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर ने की। नगर निगम के महापौर अभिजीत कुमार एवं उपमहापौर गिरीश चौधरी विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर एवं सदस्य अनुराधा शर्मा, मदनमोहन शर्मा, राजाराम भूतौली, नरेन्द्र सिंह ने मंत्री विश्वेन्द्र सिंह को चांदी का मुकुट एवं मोतियों की माला पहनाकर भव्य स्वागत । इस अवसर पर जय श्री बांके बिहारी समिति एवं बाल कल्याण समिति ने वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बालिका गृह, बाल गृह में आवासितों को भोजन प्रसादी का वितरण किया । नागरिक उड्डयन मंत्री ने

मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

बच्चों के साथ केके काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पं. रामकिशन ने चम्बल पेयजल परियोजना एवं रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाने की भी मांग की। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शेर सिंह सूपा, पार्षद रमेश पाठक, दीपक मुद्गल, दाउदयाल जोषी, समन्दर सिंह, पूर्व पार्षद दयानन्द पचौरी, व्यापार संघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पीसीसी सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, महेन्द्र तिवारी, विपुल शर्मा, हेमेन्द्र उपमन, जीवनलाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके बाद पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने विप्र फाउण्डेशन द्वारा आयोजित समारोह में हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं परशुराम जी की प्रतिभा पर माल्यार्पण किया । विप्र फाउण्डेशन के अध्यक्ष इंदूशेखर शर्मा, गंगाराम पाराषर, धर्मेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

मामला दर्ज कराया

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता के मध्य झड़प व मारपीट के मामले के बाद भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ नई मंडी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

गौरतलब है कि कल रात्रि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के बाद चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के साकेत कॉलोनी हिंडौन निवासी धर्मेंद्र उर्फ धर्मा डागुर और एकोराशी निवासी संदीप उर्फ पिंटू सोलंकी के मध्य राजनीतिक मुद्दों को लेकर नोकझोंक हो गई यह नोकझोंक मारपीट में बदल गई। इस संदर्भ में नई मंडी पुलिस के अनुसार साकेत कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ धर्मा डागुर ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया है कि कल सांय 7 बजे ब्राह्मण धर्मशाला हिडौंन में पिन्टू उर्फ संदीप सोलंकी पुत्र नन्दराम सोलंकी ने मुझे आकर धमकी दी व मेरे साथ गाली-गलौच की। जिसकी सूचना मैंने थाना कोतवाली दी। उससे चिडकर पिन्टू सोलंकी नि. एकोरासी 4 नकाबपोश हथियार बन्द बदमाश साथ लेकर रात 9.15 पर जबरन मेरे घर में घुस आया और मेरे बीबी बच्चो को कुन्दी में बन्द कर मेरे साथ मारपीट करने लगा।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा से याद किया

गंगापुर सिटी । जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भाजपा शहर मंडल गंगापुर सिटी व विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन बजरिया स्थित रामशाला में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, जिला महामंत्री मनोज बंसल, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक सिंघल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष गिरधारी सोनी द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि डॉ मुखर्जी के द्वारा जनसंघ व भाजपा की विचारधारा को देश की अखंडता, एकता से जोडते हुए अपने जीवन में संघर्षरत रहकर एक निशान-एक विधान की विचारधारा को जीवंत रखने का कार्य किया। जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना

जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया।

द्वारा कहा गया कि देश के वर्तमान प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 37० धारा, 35 ए को हटाकर जम्मू-कश्मीर राज्य को देश में मिलाकर डॉ मुखर्जी के देश के प्रति बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान की है साथ ही शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक घनश्याम शर्मा, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, जिला महामंत्री मनोज बंसल द्वारा भी डॉ. मुखर्जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति के बारे में उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज बंसल द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में उक्त बलिदान दिवस कार्यक्रम में पधारे सभी भाजपाइयों का शहर मंडल अध्यक्ष सोनी द्वारा आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी भाजपाइयों द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा राष्ट्रपति पद के लिए प्रथम आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर आभार प्रकट किया गया।

शिशु एवं किशोरी स्वास्थ्य पर दिया प्रशिक्षण

टोडाभीम (नि. सं.)। ग्राम पंचायत कुढावल और मंडेरू में इस माह चेतना संस्था अहमदाबाद के द्वार एनएसइ फाउंडेशन के सहयोग से संबल कार्यक्रम के तहत मातृ शिशु और किशोरी स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिसमें महिलाओं के स्वास्थ, गर्भ धारण के दौरान देखभाल और पोषण पर क्षमता वर्धन किया जा रहा है साथ ही उन्हें शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही हैं। किशोरियों को खून की कमी एनीमिया और स्वच्छता पर संस्था द्वारा के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही हैं।चेतना संस्था के जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि संस्था टोडाभीम के 151 गांव में 3 वर्ष के लिए मातृ शिशु और किशोरी स्वास्थ एवं पोषण पर कार्य कर रही हैं। जिसके अंतर्गत 400 स्वयं सहायता समूह के 4 हजार सदस्यों तथा 8 हजार किशोरियों तक पहुंच बनाना है। उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा गुरुवार खिरखिड़ी गांव में किशोरियों को पोषण और स्वास्थ पर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गांव की सभी किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया।